# भक्त तेरे बुलाये हनुमान रे | By Mukesh Bagda |

भक्त तेरे बुलाये हनुमान रे,
तुझे आज रे,
ओ मेरे बाला बलवान रे,
भक्त तेरे बुलाये हनुमान रे,
तुझे आज रे ओ मेरे बाला।

अटके हुए तू सारे कारज बनावे,
पल में नैया पार लगावे,
मारुति नंदन हे दुखभंजन,
कर दो भव से पार रे,
भक्त तेरे बुलाये हनुमान रे,
तुझे आज रे ओ मेरे बाला।

माँ अंजनी के तुम हो दुलारे,
सियाराम को भी लगते हो प्यारे,
भक्तों के ही बस में आते,
महावीर हनुमान रे,
भक्त तेरे बुलाये हनुमान रे,
तुझे आज रे ओ मेरे बाला।

इन नैनों की प्यास बुझा दो,
सोए हुए मेरे भाग्य जगा दो,
जो भी तेरी शरण में आए,
कर दे मालामाल रे,
भक्त तेरे बुलाये हनुमान रे,
तुझे आज रे ओ मेरे बाला।

तेरी महिमा सब जग गावे,
शोभा तेरी वर्णी ना जावे,
भक्ति जगाकर 'अमन' के दिल में,
देना राम मिलाय रे,
भक्त तेरे बुलाये हनुमान रे,
तुझे आज रे ओ मेरे बाला।

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ad%e0%a4%95%e0%a5%8d%e0%a4%a4-%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%ac%e0%a5%81%e0%a4%b2%e0%a4%be%e0%a4%af%e0%a5%87-%e0%a4%b9%e0%a4%a8%e0%a5%81%e0%a4%ae%e0%a4%be%e0%a4%a8-%e0%a4%b0/